आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.12.2024   समय : 1905

- केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार' पहल को हरी झंडी दिखाई।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष दो हजार पच्चीस से, भर्ती परीक्षाओं की बजाए उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने पर विशेष ध्यान देगी।
- नेहरू युवा केन्द्र कैम्पबेल बे और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कैम्पबेल बे में युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से चौवनवां विजय दिवस मनाए जाने के सिलसिले में सात किलोमीटर मैराथॉन का आयोजन किया गया।
- आकाशवाणी श्री विजयपुरम के कार्यालय परिसर में आज क्रिसमस मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार' पहल को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस दौरान अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया और कहा कि केवल एक स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध राष्ट्र का विकास कर सकता है। श्री मांडविया ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार के प्रति जागरूकता के साथ स्वस्थ और हरित भारत का निर्माण करना है। फिट इंडिया साइक्लिंग ट्यूजडेज़' फिट इंडिया आंदोलन के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे दो हजार उन्नीस में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया था।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष दो हजार पच्चीस से, भर्ती परीक्षाओं की बजाए उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने पर विशेष ध्यान देगी। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार दस नए पदों का सृजन कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का पुनर्गठन करने की योजना बना रही है। श्री प्रधान ने बताया कि पिछले दस साल में प्रति बच्चे पर किए जाने वाले खर्च में एक सौ तीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शोधार्थियों के लिए एक राष्ट्र, एक सदस्यता–ओ

एन ओ एस पर श्री प्रधान ने कहा कि अब लगभग तेरह हजार ई–जनरल विद्यार्थियों को उपलब्ध हैं और अगले तीन साल में सरकार इस पहल पर छह हजार करोड़ रूपए निवेश करेगी।

<><><><><><><>

नेहरू युवा केन्द्र कैम्पबेल बे और स्थानीय प्रशासन के सहयोग हाल ही में कैम्पबेल बे के सामुदायिक हॉल में युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को ज़िला स्तर से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल कर उन्हें भारत की स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों की जानकारी देना और देशभक्ति की भावना को बढ़ाना था। इस अवसर पर सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि थे, जबकि प्रमुख ई एस राजेश सम्माननीय अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने युवा उत्सव का उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में पंच प्रण के महत्व के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने विज्ञान मेला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और प्रतिभागियों से उनकी परियोजनाओं के बारे में बातचीत की। इससे पहले एन वाई के  के उप–निदेशक आल्फोंस टोप्पो ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए युवा उत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पंच प्रण पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका बिन्दु वर्मा, खंड विकास अधिकारी शेखर रॉय, आदिवासी परिषद के अध्यक्ष बरनाबस और पंचायती राज संस्था के सदस्यों सहित दो सौ से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से कल चौवनवां विजय दिवस मनाए जाने के सिलसिले में सात किलोमीटर मैराथॉन का आयोजन किया गया। मैराथॉन को रंगत के मिनी स्टेडियम से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। इसके अलावा पुश–अप, प्लैंक और सिट–अप जैसे प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोगों को देशभक्ति फिल्म अमरन भी दिखाया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों सहित करीब चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मुख्य सचिव से फेरी के लिए यात्रा समय को कम करके लिटिल अंडमान तक कनेक्टिविटी बढ़ाने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय

पर्यटन, व्यापार और द्वीपवासियों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, फीनिक्स बे और हट बे के बीच चलने वाली फेरी सेवा का समय लगभग सात से आठ घंटे का होता है, जिससे यात्रियों के लिए एक ही दिन में वापसी करना मुश्किल हो जाता है। वहीं, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप जैसे द्वीपों के लिए उसी दिन वापसी के लिए फेरी सेवा है। उन्होंने फीनिक्स बे के बजाय फोंगी बालू जेट्टी से फेरी सेवा संचालित करने का सुझाव दिया, ताकि यात्रा के समय में कमी आ जाए। इस बदलाव से न केवल पर्यटकों को सुविधा होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि इस पहल से पर्यटन और कनेक्टिविटी दोनों में सुधार होने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और इस क्षेत्र को आकर्षक गंतव्य के रूप में बढ़ावा भी मिलेगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम के कार्यालय परिसर में आज क्रिसमस मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक–अभियांत्रिकी और कलस्टर हेड तमिल सेल्वी मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को क्रिसमस की बधाई दी। इससे पहले कार्यक्रम निष्पादक ललिता तिग्गा ने क्रिसमस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सहायक निदेशक, कार्यक्रम मीना प्रकाश ने आकाशवाणी में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। समापन अवसर पर कार्यक्रम निष्पादक जयशीला जसिन्ता लकड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से दो हजार चार हिन्द महासागर सुनामी के बीसवीं वर्षगांठ के सिलसिले में आपदा प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। द्वीप दीक्षा डायलॉग दो हजार चौबीस के तहत दूसरा वार्षिक संगोष्ठी उन्नीस और बीस दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। दो हजार चार सुनामी–सबक और हिन्द महासागर क्षेत्र में संभावनाएं विषय पर आयोजित होने वाले इस संगोष्ठी में हिन्द महासागर रिम एसोसिएशन और हिन्द महासागर नौसेना संगोष्ठी कार्य समूहों में शामिल विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

<><><><><><><>

पुलिस फायरिंग रेंज, बर्ड लाइन और प्रातरापुर में कल वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों के बावनवें बैच द्वारा छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह छः बजे से दोपहर दो बजे तक

चलेगा। अभ्यास के दौरान स्थानीय निवासियों से खुद को और अपने मवेशियों को इस क्षेत्र से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–फेफड़ों से संबंधित रोग और उनका समाधान। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. नटराज श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में अड़तीस दशमलव आठ मिलीमीटर, कार निकोबार में बीस, हटबे में दस दशमलव दो, लांग आइलैंड में पांच दशमलव सात, ननकौड़ी में चार दशमलव चार और श्री विजयपुरम में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>